भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 55
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## जौनपुर में गुजर ताल और धसुरा ताल का विकास

55. **श्री बाबू सिंह कुशवाहा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि जौनपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में गुजर ताल और धसुरा ताल ऐतिहासिक, प्राकृतिक और धार्मिक स्थल हैं, लेकिन फिर भी इनकी उपेक्षा की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए गुजर ताल और धसुरा ताल को पर्यटन स्थल के रूप में संरक्षित, सुंदर और विकसित करने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी जारी योजनाओं 'स्वदेश दर्शन', तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के माध्यम से, जौनपुर, उत्तर प्रदेश सहित पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है। यह प्रक्रिया राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनोप्रशासनों के परामर्श से की जाती है।

गुजर ताल और धसुरा ताल का पर्यटन स्थल के रूप में संरक्षण, सौंदर्यीकरण और विकास का कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है एवं निर्धारित शर्तों की पूर्ति और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी जारी योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में है।

*****

**अनुबंध**

श्री बाबू सिंह कुशवाहा द्वारा जौनपुर में गुजर ताल और धसुरा ताल का विकास के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 55 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1 | वाराणसी का विकास - चरण-I | 18.73 |
| 2 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 10.98 |
| 3 | वाराणसी में गंगा नदी पर क्रूज पर्यटन | 9.02 |
| 4 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 9.36 |
| 5 | वाराणसी का विकास - चरण -II | 44.60 |
| 6 | गोवर्धन में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 37.59 |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2 | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3 | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहार -अलीगढ़- कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी- मिर्जापुर- गोरखपुर- मरियागंज- बस्ती- बाराबंकी- आजमगढ़- कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर - देहात - बांदा-गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 5 | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) -मगहर धाम (संत कबीर नगर)- चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)- महुआर शहीद स्थल (घोसी)- शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 6 | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 7 | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद -नोएडा- खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 8 | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज | आज़ाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 |
| 2 | नैमिषारण्य | वैदिक- कल्याण एक्सपीरियंस | 17.8 |

**उत्तर प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1 | महोबा में सांस्कृतिक भूदृश्य का विकास | 24.98 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1 | जिला-आगरा में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 2 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |

**उत्तर प्रदेश में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के वाराणसी में तीन स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का विस्तार)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | 2.93 |
| 2. | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मन महल)। | 5.12 |

**उत्तर प्रदेश में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के अंतर्गत रेलवे परियोजनाओं की सूची**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|
| 1 | रायबरेली रेलवे स्टेशन | 4.44 |
| 2 | आगरा कैंट रेलवे स्टेशन | 5.05 |

*****